समाचार

च्वाईस सेंटर में निःशुल्क होगी पेंशन हितग्राहियों की आधार सीडिंग

(हितग्राही किसी भी च्वाईस सेंटर में पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज के साथ करा सकते हैं फिंगरप्रिंट डिवाईस के माध्यम से अपनी आधार सीडिंग)

कोरबा 22 जुलाई 2017 –शासन द्वारा संचालित पेंशन योजनाओं वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन के ऐसे हितग्राही जिनकी आधार सीडिंग अभी तक नहीं हुई है, वे च्वाईस सेंटर में पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ फिंगरप्रिंट डिवाईस में अंगूठा लगाकर अपनी आधार सीडिंग करा सकते हैं, जबकि सामाजिक सुरक्षा व सुखद सहारा पेंशन के हितग्राही आधार कार्ड, बैंक पासबुक की फोटोकापी व सहमति पत्र जोन कार्यालय या च्वाईस सेंटर में जमा कराएंगे, उन्हें डिवाईस में अंगूठा देने की आवश्यकता नहीं होगी।

निगम के समाज कल्याण अधिकारी डॉ.शिरीन लाखे ने बताया कि सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाएं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं सुखद सहारा पेंशन योजनाएं संचालित हैं, इनमें से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन के हितग्राहियों की आधार सीडिंग का कार्य फिंगरप्रिंट डिवाईस के माध्यम से कराए जाने हेतु 05 जुलाई 2017 से 14 जुलाई 2017 तक निगम के सभी जोन कार्यालयों में किया गया है। उन्होने बताया कि इन तीन योजनाओं के जिन हितग्राहियों की आधार सीडिंग फिंगरप्रिंट डिवाईस के माध्यम से अभी तक नहीं हो पायी है, ऐसे हितग्राहियों की निःशुल्क आधार सीडिंग का कार्य च्वाईस सेंटरों के माध्यम से कराया जा रहा है, ऐसे हितग्राही च्वाईस सेंटर में पहुंचकर आधार कार्ड व बैंक पासबुक की फोटोकापी एवं सहमति पत्र जमा कराकर फिंगरप्रिंट डिवाईस में अंगूठा देकर आधार सीडिंग का कार्य पूर्ण रूप से निःशुल्क करा सकते हैं तथा उन्हें किसी प्रकार की राशि च्वाईस सेंटरों को नही देनी होगी। डॉ. लाखे ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं सुखद सहारा पेंशन योजनाओं के हितग्राही आधार कार्ड, बैंक पासबुक की फोटोकापी व सहमति पत्र जोन कार्यालय में या च्वाईस सेंटरों में जमा कराएंगे, उन्हें फिंगरप्रिंट डिवाईस में अंगूठा देने की आवश्यकता नहीं होगी।

11 च्वाईस सेंटर चिन्हांकित– समाज कल्याण अधिकारी डॉ.शिरीन लाखे ने बताया कि निगम क्षेत्र में 11 च्वाईस सेंटर निर्धारित हैं, इनमें से किसी भी च्वाईस सेंटर में हितग्राही पहुंचकर अपनी आधार सीडिंग का कार्य निःशुल्क रूप से करा सकते हैं। इन च्वाईस सेंटरों में निहारिका स्थित अपना च्वाईस सेंटर, कोसाबाड़ी स्थित मां गायत्री च्वाईस सेंटर, बुधवारी काम्पलेक्स च्वाईस सेंटर, निहारिका ए.के. कम्प्यूटर सेंटर, रविशंकर शुक्लनगर च्वाईस सेंटर, सीतामणी कोरबा स्थित च्वाईस सेंटर, उज्जवल कम्प्यूटर सेंटर, टी.पी.नगर स्थित काव्या च्वाईस सेंटर, बांकीमोंगरा स्थित दोनों च्वाईस सेंटर तथा दर्री च्वाईस सेंटर आदि च्वाईस सेंटर शामिल हैं, जिनमें निःशुल्क आधार सीडिंग की जाएगी।